प्रादेशिक समाचार
दिनांक–22.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार देश की सीमाओं को और अधिक अभेद्य बनाने के लिए स्मार्ट बॉर्डर परियोजना शुरू करेगी। नई दिल्ली में आज सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ के अलंकरण समारोह में श्री शाह ने कहा कि इस परियोजना में ड्रोन, रडार, कैमरे और अन्य तकनीकी संसाधन शामिल होंगे।

****

झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। निर्वाचन आयोग द्वारा 10 राज्यों की 24 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित किए जाने के बाद महागठबंधन ने भी अपनी रणनीति तेज कर दी है। राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा है कि दोनों सीटों के आंकड़े महागठबंधन के पक्ष में हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि राज्यसभा की दोनों सीटों पर महागठबंधन मजबूत स्थिति में है।

****

झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) में भोजपुरी, मगही, मैथिली और अंगिका को क्षेत्रीय भाषा के रूप में शामिल करने के मुद्दे पर अभी सहमति नहीं बन पाई है। इस मामले को लेकर आज हुई पांच मंत्रियों की हाई लेवल कमेटी की बैठक में फैसला नहीं हो सका। बैठक में प्रतियोगी परीक्षाओं के मौजूदा भाषा पैटर्न, विशेषकर पार्ट–2 के नियमों पर गंभीर चर्चा हुई। अब इस पूरे भाषाई विवाद पर अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के फैसले पर निर्भर माना जा रहा है।

****

सर्वोच्च न्यायालय पहली जुलाई से कक्षा 9 के छात्रों के लिए तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य करने वाली नई सीबीएसई नीति को चुनौती देने वाली याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई करेगा। वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली और न्यायमूर्ति जॉय माल्य बागची और विपुल एम पंचोली की पीठ के समक्ष यह मामला उठाया। उन्होंने कहा कि यह जनहित याचिका छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों द्वारा दायर की गई है। उन्होंने कहा कि नई सीबीएसई नीति के तहत कक्षा 9 में दो अतिरिक्त भाषाओं को अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे अव्यवस्था उत्पन्न होगी। उन्होंने न्यायालय से मामले को सोमवार को सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इस मामले पर सुनवाई अगले सप्ताह की जाएगी।

****

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और ऊर्जा विभाग को पत्र लिखकर राज्य की खराब विद्युत व्यवस्था पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भीषण गर्मी के बीच जनता अनियमित बिजली आपूर्ति, लो–वोल्टेज और बार–बार ट्रांसफॉर्मर खराब होने की समस्या से परेशान है। रघुवर दास ने मुख्यमंत्री से इस मामले में उच्चस्तरीय समीक्षा कर तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की है। पत्र में उन्होंने राज्य सरकार से आम जनता को राहत देने के लिए बिजली व्यवस्था में शीघ्र सुधार सुनिश्चित करने की अपील की है।

****

झारखंड में मौसम का दोहरा असर देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने अगले तीन घंटों के दौरान कोडरमा, रामगढ़ और रांची समेत आसपास के कुछ इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज सतही हवा, हल्की आंधी, बिजली चमकने और

बारिश की संभावना जताई है। वहीं दूसरी ओर राज्य में अगले कुछ दिनों तक भीषण गर्मी और हीटवेव का असर जारी रहने का अनुमान है। पलामू, गढ़वा, सरायकेला और जमशेदपुर जैसे जिलों में तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है, जिससे लोगों को उमस और चिलचिलाती धूप का सामना करना पड़ेगा।

**********समाप्त*********